सीएम धामी कालीचौड़ मंदिर में की प्रदेश की समृद्धि की कामना करते हुए।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने फिल्म उद्योग से जुड़े प्रदेश के कलाकारों ने भेंट की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में फिल्म उद्योग से जुड़े प्रदेश के कलाकारों ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में सरकार द्वारा फिल्मों को बढ़ावा दिया जा रहा है। फिल्म निर्माण के क्षेत्र में फिल्म जगत से जुड़े लोगों के जो भी सुझाव प्राप्त होंगे, उन सभी सुझावों पर विचार किया जायेगा। प्रदेश में फिल्मों के विकास एवं कलाकारों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के दृष्टिगत राज्य में फिल्म नीति बनाई गई है। फिल्म उद्योग से जुड़े कलाकारों ने प्रदेश में फिल्म सिटी की स्थापना दून शहर के 30 से 40 किमी. के दायरे में किए जाने का अनुरोध किया।

### वित्तमंत्री ने राज्य में राजस्व बढ़ाने के संबंध में ली बैठक

**संवाददाता** देहरादून। वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने मंगलवार को रिंग रोड स्थित आयुक्त कर कार्यालय में राज्य में राजस्व बढ़ाने के संबंध में बैठक ली। वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने संबंधित अधिकारियों को राज्य में वृहद स्तर पर राजस्व बढ़ाने हेतु ठोस एवं प्रभावी कार्य योजना बनाने तथा प्रयास करने के निर्देश दिए। वित्त मंत्री ने कहा कि राजस्व बढ़ाने हेतु अन्य राज्यों में अपनाई जाने वाली बेस्ट प्रैक्टिसेज को उत्तराखंड की परिस्थितियों के अनुरूप राज्य में अपनाया जाना चाहिए। राजस्व बढ़ाने हेतु किए जाने वाले उपायों पर समयबद्ध तरीके से कार्य किया जाना चाहिए।

### भर्ती रैली की व्यवस्थाओं हेतु आवश्यक निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के.के मिश्रा ने अवगत कराया है कि मुख्य सचिव उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में सेना की भर्ती रैली/अग्निवीरों की भर्ती रैली की व्यवस्थाओं हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने संबंधित विभागों यथा नगर निगम, पुलिस विभाग, परिवहन विभाग, चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, सेवायोजन विभाग, पेयजल विभाग, विद्युत विभाग के अधिकारियों को भर्ती रैली में अपने विभागों से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं एवं दायित्वों को समुचित तरीके से निर्वहन करने हेतु पत्र प्रेषित किया है।

### कांवड यात्रियों के लिये जल मन्दिरों की स्थापना

**संवाददाता** ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती की प्रेरणा से शिवभक्तों के लिये राजाजी नेशनल पार्क, नीलकंठ मार्ग, लक्ष्मण झूला, बैराज और कांवडियों के पैदल मार्ग पर स्वच्छ जल की उपलब्धता हेतु 8 जल मन्दिरों स्थापना की गयी। प्रतिवर्ष कांवड यात्रा के दौरान कांवडियों की सुविधा के लिये जल मन्दिरों की स्थापना की जाती है।

# चेतावनी पर अलर्ट रहने व आपदा की सूचना पर त्वरित रिस्पांस करें

**निरीक्षण**

■ डीएम ने सत्तोवाली घाटी गांधीग्राम के साथ ही चुना भट्टा के पास रिस्पना नदी पुल के समीप किया निरीक्षण

**संवाददाता**



देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने किया जिला आपदा प्रबंधन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने बिंदाल नदी के समीप संगम विहार एवं सत्तोवाली घाटी गांधीग्राम के साथ ही चुना भट्टा के पास रिस्पना नदी पुल के समीप निरीक्षण किया।

आपदा परिचालन केन्द्र के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आपदा प्रबन्धन केन्द्र की कार्यप्रणाली का जायजा लिया तथा जनपद की विभिन्न तहसीलों में बनाए गए कंट्रोल रूम में कार्यरत कार्मिकों को सतर्क रहने व आईआरएस सिस्टम से जुड़े अधिकारी अलर्ट रहने के निर्देश। उन्होंने उपजिलाधिकारियों से भी दूरभाष पर वार्ता करते हुए स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होने अपर जिलाधिकारी प्रशासन को आईआरएस सिस्टम अद्यतन करने के निर्देश। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी पर अलर्ट रहने व आपदा की सूचना पर त्वरित रिस्पांस करें। उन्होंने समस्त निर्माणदायी संस्थाओं को सड़क पर पड़ी निर्माण सामग्री हटाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि निर्माण के दौरान ही सामग्री रखी जाए निर्माण कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व तथा समाप्त होने के बाद निर्माण सामग्री एवं मलवा सड़कों पर पड़ा न रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में नदी किनारे निवास कर रहे लोगों को चिन्हित कर सुरक्षा के दृष्टिगत उनको अन्यंत्र सार्वजनिक स्थान पर स्थानानतरण करने की वैकल्पिक व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए ताकि आवश्यकता पड़ने पर लोगों को नजदीकि स्थानों पर स्थानान्तरित किया जा सके।

जिलाधिकारी द्वारा संगम विहार एवं सत्तोवाली घाटी गांधीग्राम के निरीक्षण के दौरान नगर निगम को नदीध्नाले की साफ–सफाई तथा लोनिवि के अधिकारियों को पुल एवं रास्तों के मरम्मत करने के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों से भी वार्ता की कूड़ा नदी में न फेंकने का अनुरोध किया है। उन्होंने चुना भट्टा के समीप रिस्पना नदी किनारे बस्ती एवं पुल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लोनिवि के अधिकारियों को चौनालाइजेशन का कार्य करने तथा नदी के मलवे की सफाई कार्य करने के निर्देश दिए। आपदा कन्ट्रोल रूम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के. के मिश्रा व अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. शिव कुमार बरनवाल, अधि० अभि० लोनिवि डीसी नौटियाल, मुख्य व्यैक्तिक सहायक वीरेन्द्र सिंह, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी दीपशिखा रावत, सिंचाई विभाग के अभियन्ता उपस्थित रहे।

### डीएम ने ली शौर्य दिवस मनाए जाने को विभिन्न तैयारियों के संबंध में बैठक

**संवाददाता** देहरादून। डीएम श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में (कारगिल दिवस) शौर्य दिवस मनाए जाने हेतु विभिन्न तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारी कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सैनिक कल्याण अधिकारी को 26 जुलाई शौर्य दिवस के अवसर पर विभिन्न व्यवस्था यथा आमंत्रित अतिथियों के लिए जलपान, लाने–ले–जाने, आयोजन स्थल पर टैन्ट, बैठने की व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस विभाग को कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था तथा कार्यक्रम के दौरान यातायात प्लान आदि बनाने के निर्देश दिए। नगर निगम को कार्यक्रम स्थल पर साफ–सफाई की व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। संस्कृतिक विभाग को शौर्य दिवस के अवसर पर देशभक्ति एवं वीर गाथाओं के गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम में उनके विभाग द्वारा संचालित की जाने वाली व्यवस्थाओं को समय से करने के निर्देश दिए।

# चहेतों को ही दी जा रही है नौकरी

**आरोप**

■भर्तियों में अनियमितता व भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर कांग्रेस ने किया सचिवालय कूच

**संवाददाता**



देहरादून। विभिन्न सरकारी विभागों की नियुक्तियों में अनियमितता का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने मंगलवार को सचिवालय कूच किया। कांग्रेस विधायक भुवन कापड़ी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने राजपुर रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय से सचिवालय तक विरोध प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। पुलिस ने सचिवालय से पहले बैरिकेडिंग लगा रखी थी। यहीं पर कांग्रेस नेता धरने पर बैठ गए हैं।

विधायक भुवन कापड़ी ने आरोप लगाए कि उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से जो भर्तियां हो रही है उनमें भाई–भतीजावाद और घोर अनियमितता बरती जा रही है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने सरकार पर आरोप लगाए कि करीब दस हजार पद विभिन्न विभागों में रिक्त हैं। सरकार ने जिन रिक्तियों की परीक्षा आयोजित की उनके परिणाम घोषित नहीं किए है। जिन परीक्षा के परिणाम जारी किए गए उनमें चहेतों को मौका मिला है। इस मौके पर युवा कांग्रेस, एनएसयूआइ, महिला कांग्रेस, सेवा दल, इंटक व महानगर कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद हैं।

इस दौरान विधायक व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने उत्तराखंड सेवा चयन आयोग पर कई गंभीर आरोप लगाए। कांग्रेस के विधायकों ने विधानसभा सत्र के दौरान भी उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की नियुक्तियों का मामला सदन में उठाया था। इस मौके पर कांग्रेस उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना, महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा, पूर्व विधायक राजकुमार, मोहन भंडारी आदि मौजूद रहे।

**मानदेय न मिलने से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में रोषः** मानदेय नहीं मिलने से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है। इन कार्यकर्ताओं को केंद्र की ओर से जनवरी, जबकि राज्य सरकार द्वारा अप्रैल के बाद का मानदेय नहीं दिया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मानदेय भुगतान शीघ्र जारी न होने पर सड़कों पर उतरने की चेतावनी दी है।

### आईपीएस खुराना उच्चाधिकारी के मौखिक आदेश की भुगत रहे सजा

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि वर्ष 2013 में पुलिस उपमहानिरीक्षक, गढ़वाल परिक्षेत्र का कुछ दिनों के लिए अतिरिक्त कार्यभार संभालने वाले वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, दून केवल खुराना ने अपने उच्चाधिकारी को खुश करने के लिए वर्ष 2012 में मंडावली, थाना मंगलौर, हरिद्वार में स्थित मृक इलेक्ट्रॉनिक्स में हुए भीषण अग्निकांड के शिकार 12 मजदूरों की जलकर मौत की धारा 304 को 304 ए में परिवर्तित करने एवं फैक्ट्री मालिक को मामले से बाहर निकालने का खामियाजा भुगत रहे हैं। इस पूरे प्रकरण की जांच पहले पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा भी की गई थी। गौर करने वाली बात यह है कि उस वक्त के एसएसपी, हरिद्वार द्वारा विवेचक बदलने का विरोध किया गया था ,लेकिन इसके बावजूद विवेचक बदला गया।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।